बस्तर और सरगुजा के लिये रेल सर्वेक्षण को मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भारत के प्रधानमंत्री** ने **छत्तीसगढ़** में एक **महत्त्वपूर्ण रेलवे लाइन** के लिये सर्वेक्षण को मंज़ूरी दी है।

प्रमुख बिंदु:

- **प्रमुख लाभ :** नई रेलवे लाइन से **बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों** की कनेक्टिविटी में सुधार होगा जो कि इन क्षेत्रों में विकास को प्रोत्साहित करेगा।
    - मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि **गढ़चिरौली से बीजापुर** होते हुए **बचेली** तक **490 किलोमीटर** तक विस्तृत नई रेलवे लाइन के लिये सर्वेक्षण की मंज़ूरी से **बस्तर** के समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।
    - मंत्रालय ने इस सर्वेक्षण के लिये **12.25 करोड़ रुपए** आवंटित किये हैं, जो बस्तर के दूरदराज के क्षेत्रों को प्रत्यक्षतः शहरों से जोड़ेगा, जिससे **उच्च शिक्षा, रोज़गार, स्वास्थ्य सेवा** और **बाज़ार** तक बेहतर पहुँच सुनिश्चित होगी।
    - इसी तरह **कोरबा से अंबिकापुर** तक 180 किलोमीटर की रेलवे लाइन के लिये सर्वेक्षण की मंज़ूरी से **कोरबा और सरगुजा** क्षेत्र के समावेशी विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस सर्वेक्षण के लिये 4.5 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rail-surveys-approved-for-bastar-surguja